



## एक नजर में

### कृषि कार्य में मृत्यु होने पर 4 लाख रु की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मंदसौर।** मुख्यमंत्री कृष ?क जीवन कल ?याण योजना की कण्डिका 2(01) के तहत कृषि कार्य में कृषि यत्रों का उपयोग करते हुए दुर्घटना में मृत्यु अथवा अंग भग होने पर आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। गणमतसिंह निवासी हिंगांररियाछोटा की कृषि कार्य के दौरान मृत?यु हो गई थी। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा मृतक के निकटतम वारिस रेखाकुँवर को 4 लाख रु की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

### पिपलिया में चोरों का तांडव, पत्थर बरसाए, एक घायल



**पिपलिया स्टेशन (जेपी तेलकार)।** पिपलिया नगर में बीती रात्रि चोरों ने ऐसा तांडव मचाया कि क्षेत्र में दहशत फैल गई। करीब 5 से 7 हथियारबंद बदमाशों के गिरोह ने अलग-अलग मोहल्लों में एक के बाद एक घरों और प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। चोरों ने जहां मौका मिला वहां ताले तोड़े, पत्थर बरसाए और सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। उनके पत्थर फेंकने से एक व्यक्ति घायल हो गया। कई स्थानों पर चोरी का प्रयास असफल रहा, जबकि एक घर से चोर लाखों की नकदी और ज्वेलरी लेकर फरार हो गए। पूरे घटनाक्रम में चोरों के पास टामियां, सलिए, कटर मशीन और गुलेल जैसे उपकरण थे, जो सीसीटीवी में स्पष्ट नजर आए। सभी चोर युवा बताए जा रहे हैं। लगातार हुई इन चोरियों ने पुलिस गश्त व्यवस्था की पोल खोल दी।

### दिलीप डांगी व डांगी की 48 दिवस की उपधान तप की तपस्या 30 को पूर्ण होगी



**मंदसौर।** आचार्य निपुणरत्नसूरिश्वरजी म.सा. एवं कई जैन संतों, साध्वियों की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में 12 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हुई उपधान तप की तपस्या 30 नवम्बर को पूर्ण होने जा रही है। ग्राम बही पार्श्वनाथ की पवित्र पावन भूमि पर 48 दिवसीय उपधान तप की तपस्याये चल रही है। आचार्य निपुणरत्नसूरिश्वरजी म.सा. सहित कई जैन संतों एवं साध्वियों की पावन प्रेरणा से रूपचांद आराधना भवन श्रीसंघ अध्यक्ष दिलीप डांगी उनकी धर्म सहायिका श्रीमती सतवंती डांगी की भी उपधान तप की तपस्या चल रही है। 48 दिवस की यह तपस्या 30 नवम्बर को पूर्ण होने जा रही है। उपधान तप की तपस्या पूर्ण होने के अनुमोदनार्थ 29 नवम्बर शनिवार को सभी तपस्वियों का भव्य वरघोड़ा प्रात: 9 बजे ग्राम बही पार्श्वनाथ में निकलेगा। रात्रि 7.30 बजे प्रभु भक्ति का कार्यक्रम होगा। 30 नवम्बर रविवार को प्रात: 9 बजे तपस्वियों का मोक्ष माल (बहुमान) होगा। डांगी परिवार ने दो दिवसीय कार्यक्रमों में पधारने की विनती की है।

### वाहन मालिकों की सहमति व पालकों की छत्रछाया में नाबालिग धड़ल्ले से चला रहे हैं वाहन



**भानपुरा।** नगर भानपुरा में 10--12 साल के बच्चों व अवयस्कों द्वारा नगर भानपुरा की मुख्य सड़कों तथा भीड़ भाड़ वाले गली मोहल्लों तथा बाजारों में बाइक व इलेक्ट्रॉनिक स्कूटिंया तेज गति से चलाई जा रही है नगर में अनेक दुर्घटना हो चुकी है परंतु पुलिस प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं है। यह भी आश्चर्यजनक है कि बाइक के पीछे पिता या पालक बैठ जाते हैं ओर छोटे बच्चों को वाहन चलाने के लिए पूरी आजादी दे देते हैं। पेट्रोल की बचत के लिए चलाई गई स्कूटी व इलेक्ट्रॉनिक मोटरसाइकिल का दुरुपयोग चरम सीमा पर है ।माता-पिता भी उनका बर्थडे और दिवाली गिफ्ट में मोटरसाइकिल दिला रहे हैं इस मोटरसाइकिल में लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की जरूरत ना होने से माता-पिता पुत्र - पुत्री के मोह में आकर बच्चों को यह गाड़ियां दिला देते हैं, फिर बच्चे उन गाड़ियों को लेकर अपने मन माने तरीके से गलियों में वह बाजारों में दौड़ते हुए नजर आते हैं ना कोई रोकने वाला है ना कोई टोकने वाला जबकि भारतीय मोटर वाहन अधिनियम की धारा 180 तथा 181के अनुसार 18 से कम उम्र के बच्चों को 50 सीसी से काम की बाइक या स्कूटी चलाने की पात्रता होती है इनके द्वारा इससे अधिक सीसी के वाहन चलाने पर पलक या वाहन मालिक के लिए 3 साल की सजा एवं ?25000 जुर्माने का प्रावधान है। नगर में 10 से लेकर 15 साल तक के बच्चे दो पहिया वाहन तेज गति से चलाते हुए देखे जा सकते हैं। पुलिस विभाग आए दिन खाना पूर्ति कर अपने कार्य की पूर्णाहुति कर लेता है।

### महावीर इंटरनेशनल ने प्यासे कंठों की प्यास बुझाने के लिए जल मंदिर का शुभारंभ किया




**मन्दसौर।** महावीर इंटरनेशनल संस्था मंदसौर के तत्वावधान में स्व. श्री घीसालाल कोठारी की स्मृति में संस्था सदस्य चिराग कोठारी परिवार द्वारा मंडी प्रांगण में किसानों के प्यासे कंठों की प्यास बुझाने के लिये स्वच्छ व शीतल जल की सुविधा प्रदान करने हेतु जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र नाहर ने कहा इस प्याऊ के शीतल जल से राहगीरों को राहत मिलेगी। आपने कोठारी परिवार की सराहना करते हुए कहा कि प्यासे को पानी पिलाया जाए तो इससे बड़ा पुण्य कर्म कोई और नहीं हो सकता। इस अवसर पर दशपुर मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष पप्पू जैन ने कोठारी परिवार की अनुमोदना की। संचालन करते हुए रीजनल सेक्रेटरी सीए आयुष जैन ने बताया संस्था द्वारा निरंतर सेवा के प्रोजेक्ट किए जा रहे है।

### एसपी विनोद मीना ने पुलिस लाइन में जनरल परेड का निरीक्षण किया

**मंदसौर।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने शुक्रवार को जिला पुलिस लाइन में आयोजित जनरल परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। एसपी ने परेड में उपस्थित राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों-कर्मचारियों के टर्नआउट का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों को एसपी द्वारा पुरस्कृत किया गया, जबकि अन्य कर्मचारियों को गणवेश में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। परेड के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल, एएसपी गरोठ हेमलता कुरील, जिले के सभी थानों-चौकियों का बल तथा डॉग स्क्वाड मौजूद रहा।

# गौरव गिरवाल स्मृति 6-साइडर फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

▶ **पहले दिन हुए चार मैच**

**मंदसौर।** जिला फुटबॉल संघ, मंदसौर द्वारा स्वर्गीय गौरव गिरवाल की स्मृति में आयोजित किया जा रहा 6-साइडर फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू हो गया है। टूर्नामेंट के पहले दिन 4 मैच हुए। टूर्नामेंट की शुरुआत अतिथियों और खिलाड़ियों द्वारा स्वर्गीय गौरव गिरवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

प्रथम दिन पहला मैच निमिष सिक्सर और झावा सिक्सर के बीच हुआ जिसमें निमिष सिक्सर ने झावा सिक्सर को 1-0 से हराया। निमिष सिक्सर की तरफ से आराध्य पोरवाल(इलू) ने विजई गोल दागा । पूरे मैच में बेहतरीन खेल के प्रदर्शन करने के कारण निमिष सिक्सर के खिलाड़ी प्रतीक रोखले को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टूर्नामेंट कमेटी द्वारा प्रदान किया गया। दिन का दूसरा मैच देवांशू सिक्सर और आशु सिक्सर के बीच हुआ, जिसको आशु सिक्सर की टीम ने 1-0 से जीता। मैच के बीच देवांशू सिक्सर के खिलाड़ी द्वारा की गई गलती के कारण आशु सिक्सर की टीम को पेनल्टी मिली, जिसका फायदा आशु सिक्सर की टीम के कप्तान आशुतोष दुबे ने विजई गोल मारकर उठाया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आशु सिक्सर के गोलकीपर पीयूष ओहरी को दिया गया।




दिन का तीसरा मैच वसीम सिक्सर और साईं सिक्सर के बीच हुआ। इन दोनों टीम के बीच का मुकाबला पूरे दिन का सर्वश्रेष्ठ मुकाबला रहा जिसमें साईं सिक्सर और वसीम सिक्सर की दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर। मैच के अंत समय तक दोनों ही टीमें गोल मारने का प्रयास करती रही लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली और मैच बिना किसी स्कोर के बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों ही टीमों को 1-1 अंक दिया गया। इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले साईं सिक्सर के सबसे छोटे खिलाड़ी वंश चौहान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

दिन का चौथा और अंतिम मैच बाबू सिक्सर और झावा सिक्सर के बीच खेला गया। मैच शुरू होते ही झावा सिक्सर खिलाड़ी राहुल सिंह सिसोदिया ने बाबू सिक्सर के डिफेंस को भेद कर गोल मारकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। दूसरे हॉफ के शुरू होते ही बाबू सिक्सर की टीम ने गोल मारने के बहुत प्रयास किए लेकिन उनको कोई भी सफलता नहीं मिली। दूसरे हॉफ के समाप्त होने से कुछ क्षण पहले झावा सिक्सर के खिलाड़ी अंशुमान ने 1 और गोल मारकर अपनी टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया और इस तरह झावा सिक्सर ने यह मैच जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच झवा सिक्सर के खिलाड़ी राहुल सिंह सिसोदिया को दिया गया।

आज के टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि स्वर्गीय गौरव गिरवाल की माताजी श्रीमती तेज कुंवर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, बंशीलाल धनगर जनपद पंचायत सदस्य, भाजपा उत्तर मंडल महामंत्री बंशी राठौर, पूर्व महामंत्री भाजपा गोलू शाह उपस्थित रहेसके अतिरिक्त आयोजन में जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष बाबू गुर्जर, सचिव विपिन शर्मा, उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान, सहसचिव गोरधन सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, दीपक शर्मा, अक्षय उपाध्याय, कमल कंडारे, राकेश श्रीवास्तव,प्रतीक रोखले, मामा काजी, निमिष दुग्गड़, आशुतोष दुबे, राहुल सिंह सिसौदिया आदि सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंशुल शर्मा ने किया और आभार विपिन शर्मा ने व्यक्त किया।



## मंदसौर विकास योजना से जुड़े प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की

**मंदसौर।** मंदसौर विकास योजना 2041 के अंतर्गत गठित समिति की प्रथम बैठक सुशासन भवन में आयोजित हुई। टीसीपी उप संचालक सुश्री विनीता दर्शयामकर ने बताया कि बैठक में मास्टर प्लान के मूल सिद्धांतों, कार्ययोजना तथा शहर के समग्र विकास से जुड़े प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि मास्टर प्लान में सबसे पहले बेसिक आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए ड्राफ्ट को पुन: परीक्षण किया जाए और प्राप्त आपत्तियों का पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित हो।

कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने दावे-आपत्तियों के गंभीर व निष्पक्ष निराकरण पर जोर दिया। विधायक विपिन जैन ने आमजन और जनप्रतिनिधियों के सुझावों को महत्व देने तथा शासकीय भूमि को ग्रीन बेल्ट में रखने की बात कही।

बैठक में ग्रीन एवं ओपन एरिया मानकों, आगामी कार्ययोजना और निवेश क्षेत्र के प्रत्येक गांव का प्लान तैयार करने जैसे बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। समिति के सभी सदस्य बैठक में उपस्थित रहे।

## 29 व 30 को नवदिक्षार्थी बहन का वरघोड़ा व चौबीसी कार्यक्रम होगा

**मंदसौर।** छोटे जैन दिवाकर प.पू. गुरूदेव धर्ममुनिजी म.सा. के सुशिष्य सेवाभावी संत चिरागमुनिजी म.सा., सेवाभावी संत चन्द्रेशमुनिजी म.सा. आदि ठाणा 2, साध्वी धैर्यप्रभाजी मह.सा. की नवदीक्षार्थी बहन नेहा जैन की जैन भगवती दीक्षा दिनांक 5 जनवरी 2026 को बड़ी सादड़ी (राज.) में होने जा रही है। संत चिरागमुनिजी, चन्द्रेशमुनिजी एवं साध्वीजी के सानिध्य में नवदीक्षार्थी बहन नेहा जैन भी मंदसौर पधारी है। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ मंदसौर के द्वारा नवदीक्षार्थी बहन का भव्य वरघोड़ा 30 नवम्बर, रविवार को संजय गांधी उद्यान से निकाला जायेगा। प्रात: 9 बजे वरघोड़ा संजय उद्यान से प्रारंभ होगा और नईआबादी एवं गोल चौराहा क्षेत्र का भ्रमण कर पुन: संजय गांधी उद्यान पहुंचेगा इसके बाद प्रात: 10.30 बजे संतों के प्रवचन होंगे तथा केसर छापा लगाया जायेगा। इसके पूर्व दिनांक 29 नवम्बर शनिवार को दोप. 1 से 3 बजे तक मेहंदी की रस्म एवं चौबीसी का आयोजन नईआबादी शास्त्री कॉलोनी स्थित जैन दिवाकर स्वाध्याय भवन में होगा।

## भारतीय सेना आज नए गौरवशाली अंदाज में खड़ी है : सांसद

▶ **जिला स्तरीय भूतपूर्व सैनिक सम्मान समारोह संपन्न**

**मंदसौर।** कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय भूतपूर्व सैनिक सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहीद सैनिकों के परिवारजनों एवं भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान कर उन्हें राष्ट्र-निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान के लिए नमन किया गया। कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, मंदसौर विधायक विपिन जैन, कर्नल एवं सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिवारजन उपस्थित थे।



समारोह के दौरान स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाए गए, जिनमें सैनिकों और उनके परिवारों को एक ही स्थान पर आवश्यक परामर्श, सेवाएं और सुविधाएं प्रदान की गईं। स्टालों का व्यापक रूप से लाभ लिया गया।

सांसद श्री गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि 'आज के समय में भारतीय सेना अपने आप में एक नए, आधुनिक और मजबूत अंदाज में विश्व पटल पर खड़ी है।' उन्होंने सभी सैनिक परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेना आज देश की प्रेरणा शक्ति बनी हुई है। व्यापक बजट, आधुनिक तकनीक, हथियार प्रणाली और नई सैन्य क्षमताओं के कारण भारत ने दुनिया में अपना सम्मानजनक स्थान और मजबूत पहचान बनाई है।

कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सैनिकों की समस्याओं के समाधान हेतु मंच से ही सभी जानकारी प्रदान की जा रही है। किसी भी प्रकार की परेशानी के लिए वे नि:संकोच अपनी बात रखें, प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

## साल भर में बनाएंगे बाल विवाह मुक्त मंदसौर, शपथ दिलाई

▶ **गैर सरकारी संगठन सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन का संकल्प**

▶ **स्कूलों व ग्रामीण समुदायों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए, रैली निकाली,**

**मन्दसौर।** पूरे देश से बाल विवाह को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से उत्साहित गैरसरकारी संगठन विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने कहा कि वह मंदसौर को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करेगा। '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' जिसे बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर पूरे देश में शुरू किया गया है, ने एक लक्षित रणनीति तय की है। इसमें स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन धार्मिक स्थलों जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं, और आखिर में पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बच्चों के खिलाफ इस सदियों पुराने अपराध का अंत सुनिश्चित किया जा सके। विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन देश में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। इसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन देश के 451 जिलों में बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष में ही इस नेटवर्क ने देश में एक लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं।




'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के 27 नवंबर को एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने स्कूलों, ग्रामीण समुदायों और अन्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम और पूरे जिले में जगह-जगह बाल विवाह के खिलाफ शपथ समारोह आयोजित किए। संगठन ने जनसमुदाय को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया और उन्हें समझाया कि कानून के अनुसार बाल विवाह में किसी भी तरह से शामिल होने या सहायता करने वालों जिसमें शादी में आए मेहमान, कैटरर्स, टेंट वाले, बैंड वाले, सजावट वाले या बाल विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहित, सभी को इस अपराध को बढ़ावा देने के जुर्म में सजा हो सकती है।

बाल विवाह के खिलाफ जारी अभियान को और गति व मजबूती देने वाली सरकार की इस घोषणा का स्वागत करते हुए राम रघुवंशी ने कहा, 'यह 100 दिवसीय गहन अभियान देश की दिशा बदलने वाला साबित होगा और हमें प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य के करीब लाएगा। सदियों से हमारी बेटियों को अवसरों से वंचित किया गया है और विवाह के नाम पर उन्हें अत्याचार, शोषण और बलात्कार की ओर धकेला गया है। जन प्रतिनिधियों, सरकारी विभागों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और समुदायों का अभूतपूर्व तरीके से एक साथ आना, बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता और प्रयासों को नई ऊर्जा व रफ्तार देगा।

## भानपुरा में नायब तहसीलदार और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता में विवाद

**भानपुरा। तहसील क्षेत्र भानपुरा के मतदान केंद्र क्रमांक 8 पर हुए एसआईआर निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार रघुनाथ मचार और हरीगढ़ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुसुम गुर्जर के बीच कहासुनी का मामला सुर्खियों में आ गया है। दोनों ने एक-दूसरे के विरुद्ध अभद्रता के लिखित आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपे हैं।**

निरीक्षण के दौरान रघुनाथ मचार की मुलाकात कुसुम गुर्जर से हुई थी। इसके बाद दांतला में राशन की दुकान के पास बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों के बीच दोनों के बीच कहासुनी हो गई। नायब तहसीलदार मचार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायत महिला एवं बाल विकास अधिकारी प्रेमचंद निमरोट को दी है। वहीं कुसुम गुर्जर ने भी उनके विरुद्ध अभद्रता करने का आवेदन दिया है।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी एक हस्ताक्षरित आवेदन तहसीलदार भानपुरा को दिया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि कुसुम गुर्जर समय पर अपने दायित्व स्थल पर उपस्थित नहीं रहती हैं और अधिकांश समय राजस्थान स्थित अपने ससुराल में रहती हैं।

महिला एवं बाल विकास अधिकारी प्रेमचंद निमरोट ने बताया कि सभी शिकायतों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, गरोठ के समक्ष भेज दिया गया है। प्राप्त निर्देशों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

गौरतलब है कि भास्कर द्वारा इस मामले का प्रमुखता से प्रकाशन किए जाने के बाद यह विवाद क्षेत्र में और अधिक चर्चा का विषय बन गया।

**एक नजर** ▶ **इनरव्हील क्लबों द्वारा संयुक्त रूप से मैराथन रैली का किया आयोजन**

# ऑरेंज द वर्ल्ड- महिला सुरक्षा व जागरूकता की ओर सशक्त कदम

**मंदसौर। इनरव्हील क्लबों के द्वारा संयुक्त रूप से क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़, नेहा संचेती, मनीला चौधरी और विशाखा पारीक ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के संदेश को समाज तक पहुँचाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय अभियान 'ऑरेंज द वर्ल्ड' के अंतर्गत शहर में भव्य मैराथन रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ सुबह उत्साहपूर्ण वातावरण में कॉलेज ग्राउंड से हुआ और यह नारी सुरक्षा के नारों के बीच मुख्य मार्गों से गुजरती हुई जैन कॉलेज पर सम्पन्न हुई।**

इस मैराथन रैली की सबसे विशेष बात यह रही कि मंदसौर के सभी चारों इनरव्हील क्लबों की सदस्याएँ अत्यधिक संख्या में उपस्थित रहीं, जिनकी सहभागिता ने महिला सुरक्षा के प्रति सामूहिक एकता का सशक्त संदेश दिया। रैली में सभी सदस्याओं ने एक जैसी ऑरेंज कैप पहनकर समानता, एकता और जागरूकता का सुंदर प्रतीक प्रस्तुत किया, जो पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण बना।



प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर, पोस्टर और स्लोगन लेकर 'महिला सुरक्षाकृहमारी प्राथमिकता ', 'हिंसा के विरुद्ध एकजुट हों ', 'सम्मान और समानता - हर महिला का अधिकार' जैसे प्रभावशाली संदेश पूरे मार्ग में जन-जन तक पहुँचाए। रैली के दौरान गूँजते नारों और ऊर्जावान वातावरण ने शहरवासियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

मार्ग में कई स्थानों पर नागरिकों ने ताली बजाकर, शुभकामनाएँ देकर और उत्साहवर्धन करते हुए सदस्याओं का हौसला बढ़ाया। रैली में अनुशासन, जोश और प्रतिबद्धता ने यह स्पष्ट कर दिया कि समाज में जागरूकता का यह संदेश गहराई तक पहुँच रहा है।

रैली में बड़ी संख्या में सदस्याएँ उपस्थित रहीं, जिनमें प्रमुख रूप से शोभिता पोरवाल, रीना पोरवाल, सोनम मेहता, राखी पोरवाल, नेहा डोसी, टीना वर्मा, पूजा बग्गा, दिव्या जैन, शिवानी पोरवाल, अनीता तलेरा, प्रमिला जैन, शिखा गोयल, , आई एस ओ प्रीति रत्नावत, किरण भामावत, उषा कुमावत, अंजना पटेल, प्रीति छाबड़ा, शिमला जैन, अल्पना सिंह, रत्ना बसेर और मिनल रिच्छावरा शामिल थीं। इनके साथ-साथ अनेक अन्य सदस्याएँ भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने रैली को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

'ऑरेंज द वर्ल्ड' अभियान का उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा, असमानता और उत्पीड़न के खिलाफ समाज को संवेदनशील बनाना है। इस रैली ने इस वैश्विक संदेश को स्थानीय स्तर पर अत्यंत मजबूती से स्थापित किया और यह साबित किया कि सामूहिक प्रयास बड़े सामाजिक परिवर्तन का आधार बनते हैं।

रैली के जैन कॉलेज पहुँचने पर समापन किया गया, जहाँ सभी सदस्याओं ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी सामाजिक जागरूकता, महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु इस प्रकार के आयोजन जारी रखेंगी।

अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सचिव रचना दोषी, नीता रिच्छावरा, विनिता सिंघवी और अनीता चौधरी ने सभी सदस्याओं, नागरिकों एवं सहयोगी संस्थाओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया।